☎ : (0551) 2257138
2257570

गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक एवं कॉम्पोनेन्ट सेन्टर

गोरखनाथ मंदिर परिसर, गोरखनाथ, गोरखपुर-273015

पत्रांक........................ दिनांक 16/08/2018

स्वः रक्तदाताओं द्वारा 72 वें स्वतन्त्रता दिवस के पावन अवसर पर रक्तदान कार्यक्रम–

ऐसा प्रतीत होता है कि हम सब के प्रयासों के कारण रक्तदान के प्रति जनमानस में एक जागरुकता का प्रदूर्भाव हुआ है। 72 वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर बहुत सारे स्वःरक्तदाताओं द्वारा जो रक्तदान किया गया वह इस बात की द्योतक है की अब पुराने मिथकों एवं भ्रांतियों से छटकर लोग अब बढ – चढ कर रक्तदान कर रहे हैं तथा रोगियों के प्राणों की रक्षा कर स्वस्थ्य समाज एवं शस्क्त राष्ट्र का निर्माण करने में अपना योगदान दे रहे हैं। यह बडें हर्ष का विषय है कि सरकार के स्तर से, सामाजिक सेवा संस्थानों की ओर से, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के स्तर से तथा निजी संगठनों के सामूहिक प्रयास से आज वह कार्य हो रहा है जो पिछले कई वर्षों से अपेक्षित था। हमारे ब्लड बैंक में ही बहुत सारे रक्तदाताओं ने इस पावन अवसर पर रक्तदान किया जिनमें कुछ नाम निम्न हैं – अमन कुमार पाण्डेय, रवि सिहं कुमार आनंद, विशाल नागोसे, संजीव मिश्रा आदि लोगों ने रक्तदान किया।

मै उपरोक्त सभी स्वःरक्तदाताओं को अपनी ओर से साधुवाद देता हूँ तथा उनके उज्जवल भविष्य एवं उत्तमोत्तम् स्वास्थ्य की ईश्वर से कामना करता हूँ।

72 वें स्वतन्त्रता दिवस के इस अवसर पर हम अपनी राष्ट्रोउन्मुख शुभकामनाऐं प्रेषित करते हैं।

डा0 अवधेश अग्रवाल

उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं ब्लड बैंक प्रभारी

गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय

गोरखनाथ गोरखपुर